हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

03.12.2018

दूसरे दिन आईआईटी बीएचयू के 99 छात्रों को 46 लाख तक का पैकेज

कैंपस प्लेसमेंट

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू में चल रहे कैंपस प्लेसमेंट के दूसरे दिन रविवार को 30 कंपनियों ने 144 छात्र-छात्राओं को ऑफर लेटर दिये। सैमसंग बंगलूरु, सिटी बंगलूरु और पेटीयम आदि कंपनियों ने 9.6 से 47 लाख रुपये तक का पैकेज दिया।

संस्थान के आर्यभट्ट छात्रावास में कंपनियों ने पहले छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन टेस्ट लिया और शार्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों का इंटरव्यू लिया और ऑफर लेटर ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल को भेजे। कंपनियों ने तीन शिफ्ट छात्रों का चयन किया।

दिग्गज कंपनियों ने बांटे ऑफर लेटरः इंटरव्यू के पहले चरण में सिटी बंगलूरू, सैमसंग बंगलूरू, एपडाइनेमिक्स, फ्लिपकार्ट, पेटीयम, सैपलैब्स, एक्यूआर कैपिटल, हेडआउट, रेजरपे, इंफारमेटिका, जेपीएमसीटेक, मित्रा, आप्टम, जीलिंगो, इनोवेकर, पीडीपीयू ने 99 छात्रों को चुना और 16 से 46 लाख तक का पैकेज ऑफर किया।

30

कंपनियों ने अभ्यर्थियों को 9.6 से 47 लाख रुपये तक का पैकेज किया ऑफर

03

चरणों में हुआ इंटरव्यू, अंतिम चरण के अभ्यर्थियों को सोमवार को मिलेगा ऑफर लेटर

45 को 9.6 से 32 लाख का ऑफर

दूसरे चरण में सिटी, सॉकजेन, वीएम वेयर, याडली, ओरेकल, अमेजन, सैल्सफोर्स, इटोन, जेनपैक्ट, एनएक्सपी तथा सिप्ला ने 45 छात्रों को 9.6 से 32 लाख तक के पैकेज ऑफर किए। तीसरे चरण के इंटरव्यू में टिस्को, टीसीएस, सीटिक्स, कंसल्टींग, मंत्र डीए, मार्गन स्टेनले, मैथवर्क तथा पेपल आदि सोमवार को ऑफर लेटर देंगी।

460 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर मिले

आईआईटी बीएचयू के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल में इस बार 1151 छात्र पंजीकृत हैं। इनमें 460 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर मिले हैं। देर शाम जिन छात्रों को ऑफर लेटर मिला वे अपने-अपने घर सूचना दे रहे थे। छात्रों ने हॉस्टल में अपने अन्य साथियों की इंटरव्यू की तैयारी में मदद की। वे प्रजेंटेशन के तरीके तथा संभावित प्रश्नों पर चर्चा की।

प्रतिभा का क्रेज

कानपुर आईआईटी के दो छात्रों को 1.42 करोड़ का ऑफर

कानपुर। सबसे बड़ी सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक ने आईआईटी के दो छात्रों को 1.42 करोड़ रुपये के सालाना पैकेज का ऑफर दिया है। अब तक का यह सबसे बड़ा पैकेज है। गूगल ने भी तीन छात्रों को एक करोड़ के सालाना पैकेज पर जॉब ऑफर किया है। खास बात ये है कि दोनों ही कंपनियां प्लेसमेंट के लिए कैंपस नहीं आई। सभी छात्र कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के हैं। आईआईटी कानपुर में एक दिसंबर से प्लेसमेंट ड्राइव चल रहा है। इसमें विभिन्न कंपनियां कैंपस में आकर प्रतिभा का आंकलन कर रही हैं और उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार जॉब का ऑफर कर रही हैं। दुनिया की बड़ी कंपनियों में शामिल फेसबुक और गूगल दोनों ही अब तक कैंपस में नहीं आई हैं, लेकिन उन्होंने पांच छात्रों का चयन कर लिया है। फेसबुक ने जिन दो छात्रों का चयन किया है, उन्होंने इसी संस्था में इंटर्नशिप की है। इसी तरह गूगल ने भी अपने यहां समर इंटर्नशिप करने वाले तीनों छात्रों को जॉब ऑफर किया है।